हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .8 डिग्री

11 तीन दिवसीय फाग खेल उत्सव में युवाओं के साथ महिलाओं ने दिखाया दम

12 बावल चौक से अंबेडकर चौक तक सीसी रोड तैयार, वाहन चालकों को मिली राहत


### गांवों में आयोजित होने वाले मेले के लिए 350 पुलिसकर्मी किए तैनात

# फॉग उत्सव के लिए पब्लिक और सुरक्षा को लेकर पुलिस तैयार, 800 जवान संभालेंगे कमान

## बॉर्डर पर अलग से पांच इंटरस्टेट नाके लगाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिले में 4 मार्च को फॉग उत्सव मनाए जाने को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। पुलिस प्रशासन भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलेभर में करीब 800 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनका नेतृत्व डीएसपी स्तर के अधिकारी करेंगे। जिले में फॉग उत्सव को लेकर पुलिस की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए है। धुल्हेंडी पर्व की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाजार में लोगों की काफी भीड़ रही। नाईवाली सब्जीमंडी बाजार, पैठ बाजार, पंजाबी मार्केट, गुड बाजार, मॉल व शापिंग काम्प्लैक्स में लोग रंग-गुलाल की खरीदारी करते नजर आए। मिष्ठान भंडारों पर भी होली पर्व को लेकर लोगों की भीड़ देखी गई। युवाओं व बच्चों ने रंग-गुलाल, पिचकारी, स्प्रे व मैजिक कलर्स की खरीददारी की।

पुलिस की ओर से सुरक्षा व व्यवस्था के लिए नाके लगाने सहित मेलों के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए है।


रेवाड़ी। नाईवाली सब्जी मंडी में सजी रंग-गुलाल की दुकान। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। अंबेडकर चौक पर रंग खरीदते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गांवों में मेले के लिए सुरक्षा के रहेंगे प्रबंध


*जिले के विभिन्न गांवों में 4 मार्च को आयोजित होने वाले मेलों को लेकर भी विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मेलों की सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए अलग से 350 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मेलों में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए लगभग 50 पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में भी तैनात किया गया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे होली का पर्व शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में हुड़दंग करता या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता दिखाई दे, तो तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी, थाना या डायल 112 पर सूचना दें। पुलिस प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार है।*



### होली को लेकर पुलिस अलर्ट 800 पुलिसकर्मी किए तैनात

रंगों के पर्व होली को भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा तैयारियां की हुई हैं। सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे जिले में विशेष सुरक्षा प्लान लागू किया गया है। एसपी हेमेंद्र कुमार ने कहा कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग मचाने, जबरन रंग डालने, नशे की हालत में वाहन चलाने अथवा अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलेभर में करीब 800 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनका नेतृत्व डीएसपी स्तर के अधिकारी करेंगे। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 20 विशेष नाके स्थापित किए गए हैं, जहां एल्कोसेंसर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा बॉर्डर पर अलग से पांच इंटरस्टेट नाके लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए 42 राइडर टीमें, 25 ईआरवी और 8 पीसीआर वाहन लगातार गश्त पर रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सामान्य अस्पताल से नाबालिग का मेडिकल कराया था। इसके बाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चंदन नाम के युवक पर दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गत 4 फरवरी को दर्ज इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने शहर निवासी एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। पुलिस ने 1 मार्च को केस दर्ज करने के बाद नई बस्ती निवासी बृजेश को गिरफ्तार कर लिया। कोसली थाना पुलिस ने 26 फरवरी को दर्ज मामले में गुरूग्राम के खैटावास निवासी प्रिंस को गिरफ्तार किया है।

### हादसे के बाद फरार आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 फरवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने हसनपुरा निवासी गौरव को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एमटीपी एक्ट के तहत आरोपी चढ़ा हत्थे

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने एमटीपी एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एमपीटी एक्ट किट बरामद होने के बाद गत 19 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में भगवानपुर निवासी कर्णसिंह फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### एक आरोपी से अवैध शराब हुई बरामद

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सोहना रोड पर एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सोहना रोड पर रहने वाला धर्मेंद्र अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी। आरोपी के कब्जे से 55 पव्वे शराब बरामद हुई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### नेहरूगढ़ में बाबा काला मुंह वाला का मेला आज

**कोसली।** गांव नेहरूगढ़ में धुल्हेंडी के अवसर पर बाबा काला मुंह वाला के वार्षिक मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। गांव के सरपंच आशीष प्रजापति ने बताया कि मेले मे 500 रुपये से लेकर 11000 रुपये तक की इनामी कुश्ती कराई जाएगी। पहलवानों की संख्या के अनुसार इनामी राशि को बढ़ाया व घटाया भी जा सकता हैं। मंदिर प्रांगण मे सुबह से होली गायन भी किया जाएगा, जिसमे आसपास के गावों से होली गायन पार्टियां गायन करेंगी।

## गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


सीआईए ने अवैध मादक पदार्थ गांजा उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला सुभाष बस्ती निवासी नवनीत के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 27 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि कपिल उर्फ गोलू निवासी गांव डाबड़ी नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है तथा राव तुलाराम पार्क के पास गांजा बेचने के लिए खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 79 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी कपिल ने बताया कि उसे मादक पदार्थ मोहल्ला सुभाष बस्ती निवासी नवनीत ने उपलब्ध कराया था।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी नवनीत। फोटो : हरिभूमि

## होली के स्थान को लेकर बना रहा तनाव दहन के बाद ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

होली के स्थान को लेकर गुमीना में चल रहे विवाद के बीच उस समय झगड़े की आशंका बढ़ गई, जब जमीन के मालिक ने अपनी जगह पर होलिका जलाने से मना कर दिया। इसके बाद ग्रामीण अधिकारियों से मिले। प्रशासन के आदेश पर गांव में पुलिस भेजी गई, जिसके बाद शांतिपूर्ण ढंग से होलिका दहन हो गया। अधिकारियों से मिलने पहुंचे भीमसिंह, कुलदीप, अनूप सिंह, राजकुमार, अनीता, उर्मिला, शकुंतला व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दशकों से जिस स्थान पर होलिका दहन होता रहा है, उस स्थान पर एक ग्रामीण ने कब्जा कर लिया अब वह होलिका दहन करने से रोक रहा है, जिससे गांव में तनाव बना हुआ है। डीसी ने एसपी से मामले में हस्तक्षेप करने के निर्देश दिए।



### जमीन खुद की होने का दावा

जो व्यक्ति होलिका दहन होने से रोक रहा था, उसका दावा है कि यह जमीन उसकी है। गत वर्ष भी उसकी जमीन पर होली जलाने से मना किया था। उस समय ग्राम पंचायत ने एक साल के लिए मोहलत मांगी थी, लेकिन इस बार भी होली उसी जगह पर बना ली गई। एसएचओ रामपुरा ने उसे इस बार भी होलिका दहन शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए मनाया तो वह मान गया। इसके बाद होलिका दहन हो गया।

## नशीला पदार्थ सुल्फा बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

कसोला थाना पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ सुल्फा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला भिवानी के गांव बवानीखेडा निवासी कर्ण के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 62.18 ग्राम सुल्फा बरामद किया है। गत 2 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कर्ण निवासी नशीला पदार्थ सुल्फा बेचने का काम करता है तथा गांव जलियावास की खंडहर राईज मिल में सुल्फा बेचने के लिए खड़ा हुआ हैं। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को मौके से सुल्फा सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## व्यापारियों ने होली मिलन समारोह में दिया भाईचारे और एकजुटता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वंदना पोपली जिला अध्यक्ष भाजपा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट भूपेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न बाजार के प्रधान एवं अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पोपली ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का पर्व है। रंगों का अपना विशेष महत्व है, जो आपसी भेदभाव भुलाकर सभी को एक माला में पिरोने का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह ने व्यापारियों को एकजुटता और संगठन की मजबूती का संदेश दिया। एसोसिएशन के प्रधान सुरेन्द्र वशिष्ठ ने चंदन की तिलक होली मनाते हुए जल संरक्षण करने पर जोर दिया। इस मौके पर हितेश कटारिया, लव खरबंदा, संजीव गुलाटी, संदीप कुकरेजा, सचिव रवि कुकरेजा, सह सचिव दिनेश प्रजापत, दलीप कालड़ा, कोषाध्यक्ष दिनेश सचदेवा, सह कोषाध्यक्ष हरीश आहूजा, सलाहकार रमेश चक्रवर्ती, सुनील वर्मा, नरेश गुलयानी, रमन मनोचा, प्रदीप कालड़ा आदि लोग मौजूद रहे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

### रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ के लिए चलाया सर्च अभियान

**रेवाड़ी।** पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को थाना शहर, मॉडल टाउन व सदर क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्जादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य स्थानों पर संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस द्वारा बाहरी लोगों की पहचान के लिए अभियान चलाया हुआ है, जोकि आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### एक दर्जन से अधिक गांवों में जलभराव की गंभीर समस्या, आगामी सप्ताह में टेंडर भी होने की उम्मीद है

# कोसली क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए सात परियोजनाएं मंजूर, 30.50 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांवों में बरसात के समय होने वाले जलभराव की समस्या को लेकर सरकार ने 30.50 करोड़ की परियोजनाएं तैयार की गई हैं, जिनका आगामी सप्ताह में टेंडर भी होने की उम्मीद है। प्रति वर्ष मानसून सीजन में कोसली क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसके कारण फसलों की बर्बादी के साथ जनजीवन पर भी असर पड़ता है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग ने एक बड़ी योजना तैयार की थी, जिसे चंडीगढ़ से स्वीकृति मिल चुकी है।

गांव लिलोढ़ के आसपास झाड़ली पावर प्लांट का लो-लाइन एरिया लगता है, जिसमें बारिश के दिनों में भारी मात्रा में जलभराव हो जाता है। जहां सिंचाई विभाग 12 करोड़ की राशि खर्च करके परमानेंट पाइपलाइन व पंप हाउस स्थापित कर पानी को महेंद्रगढ़ कैनाल व छुछकवास के नजदीक ड्रेन नंबर-8 में निकालेगा। गांव पहराजवास और पाल्हावास के समीप बरसात के मौसम में करीब 300 एकड़ की भूमि जलमग्न हो जाती है। यहां तीन किलोमीटर लंबी पाइपलाइन व पंप स्थापित कर पटौदी डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी को निकालने की योजना बनाई गई है, जिस पर 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। गांव खेड़ा रसूलपुर में 1.5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर पंप से बरसाती पानी को पटौदी डिस्ट्रीब्यूटरी में ड्रेन आउट किया जाएगा, जिस पर 3.5 करोड़ रुपए की लागत आएगी। गांव सुमाखेड़ा में 6 करोड़ रुपए की लागत से पाइपलाइन डालकर जेएलएन कैनाल बावल में पानी को निकाला जाएगा। गांव नैन सुखपुरा में दो करोड़ रुपये की लागत से पंप हाउस व पाइपलाइन का कार्य कर पानी जेएलएन कैनाल में डाला जाएगा।


रेवाड़ी। कोसली क्षेत्र में बरसात से जलभराव का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

### जलभराव से किसानों को हर साल भारी नुकसान

विधायक अनिल यादव ने कहा कि गांव लिलोढ़, पाल्हावास, पहराजवास, खेड़ा रसूलपुर, सुमा खेड़ा, नैन सुखपुरा, रतनथल, बास, मोहदीपुर, चांदनवास, आसियाकी, गोरावास व कतोपुरी में जलभराव से किसानों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ता है। गत वर्ष मानसून सीजन में 100 से अधिक पंप और मोटर लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई, लेकिन शत-प्रतिशत सफलता नहीं मिली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने के बाद कोसली हलका के लिए 30 करोड़ 50 लाख रुपये की सात परियोजनाओं को मंजूर किया गया है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में पुरस्कार ग्रहण करते हुए बहुतकनीकी संस्थान के प्रधानाचार्य।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज लिसाना को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ संस्थानों की श्रेणी में मिला द्वितीय स्थान

**रेवाड़ी।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लिसाना ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा राज्य के सर्वश्रेष्ठ बहुतकनीकी संस्थानों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 2 मार्च को हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित समारोह के दौरान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान, बल्कि रेवाड़ी जिले का नाम भी राज्य स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व विशिष्ट अतिथि खेल युवा मंत्री गौरव गौतम ने संस्था को प्रमाण-पत्र के साथ-साथ 25 लाख रुपये की राशि का चेक भी प्रदान किया। अतिथियों ने संस्थान की ओर से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों, शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता एवं नवाचारपूर्ण प्रयासों की सराहना करते हुए संस्थान के स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। पुरस्कार लिसाना संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार तथा तत्कालीन प्रधानाचार्य सुखवीर यादव ने ग्रहण किया। बहुतकनीकी संस्थान लिसाना के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के तत्कालीन प्रधानाचार्य सुखवीर यादव के तत्वावधान में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने अभिभावकों एवं छात्रों से आह्वान किया कि वे तकनीकी शिक्षा के महत्व को समझे और आधुनिक तकनीकी ज्ञान अर्जित कर प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी को तकनीकी युग के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे में कुशल तकनीकी मानव संसाधन का निर्माण समय की आवश्यकता है।



# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।



## लाइफ Style

# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

## हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए... होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

## टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्यौहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्यौहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली। देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।**

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।


***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

## खबर संक्षेप



### रेवाड़ी गुरु गद्दी का निशान खाटू श्याम बाबा के शिखर पर किया अर्पित

**रेवाड़ी।** फाल्गुनी लक्खी मेले के पावन पर्व पर खाटू धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। रेवाड़ी गुरु गद्दी का पारंपरिक निशान पूरे विधि-विधान और जयकारों के साथ श्याम बाबा के शिखर पर अर्पित किया गया। गुरु गद्दी का खाटू धाम से गहरा और ऐतिहासिक संबंध रहा है। मान्यता है कि श्याम बाबा के परम भक्त ब्रह्मलीन श्री श्याम बहादुर जी महाराज की भक्ति में वो शक्ति थी कि उन्होंने अपनी मोर छड़ी के स्पर्श मात्र से मंदिर के बंद तालों को खोल दिया था। आपको बता दे कि श्याम बहादुर जी ब्रह्मलीन आलू सिंह जी महाराज के गुरु थे, जिन्होंने खाटू की महिमा को जन-जन तक पहुंचाया।
श्याम बाबा के दरबार में आज भी इन दोनों भक्तों की तस्वीर विराजमान की जाती है। श्याम बहादुरजी के पड़पौत्र सुरेश अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल व सेवादार मुकेश सैनी सहित अनेक भक्तों ने निशान बाबा को अर्पित किया।

## आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते

# फाग खेल उत्सव में युवाओं के साथ महिलाओं ने दिखाया दम





रेवाड़ी। मटकी दौड़ में भाग लेती महिलाएं तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते महंत शिवपुरी व वीर कुमार यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के देवी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय फाग खेल उत्सव का महिलाओं के खेल, कबड्डी और वालीबॉल के फाइनल मुकाबले के पारितोषिक वितरण के साथ समापन हो गया। मठाधीश बाबा शिवपुरी महाराज व वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने विजेताओं का पुरस्कृत किया। खेल महोत्सव के अंतिम दिन महिलाओं व पुरुषों की दौड़, मटका दौड़ व रस्साकसी, वालीबॉल शूटिंग, वालीबॉल स्मैशिंग व कबड्डी के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वीर कुमार यादव ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने खेलों में ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी की सराहना की।

### खेलों में ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी की सराहना की

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच कोसली मा. रामकिशन, मनोज कुमार सरपंच नठेड़ा, सरपंच झाडोदा इंद्रजीत यादव, भाजपा नेत्री सरोज यादव, एडवोकेट रमेश शर्मा, एडवोकेट संजय यादव, बसंत लोहिया, एडवोकेट गुरुदयाल सिंह, प्रिंसिपल लाज कौशल, विशाल कोच, कैप्टन महेंद्र सिंह व रणबीर सिंह अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### रंगोत्सव भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का पर्व: उमा

**कोसली।** शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या उमा यादव ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि रंगोत्सव भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का पर्व है। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा ने रंगोत्सव के महत्व पर अपनी एक रचना प्रस्तुत करते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने लगते प्यारे खूब हैं, उड़ते-जुड़ते रंग, बस चुटकी भर रोक दे, सब दुनिया की जंग रचना सुनाई। इस मौके पर राजपाल यादव, अमित सोलंकी, अंजूबाला, कैलाश चंद, सन्नी कुमार, प्रेरणा यादव, सरोज यादव, मुकेश कोहारड़, मनोज नठेड़ा, संजय शर्मा, सतीश यादव, संजू कुमारी, कुलदीप यादव व कुलदीप सिंह मौजूद थे।

### बच्चों से जलरहित होली खेलने की अपील



**रेवाड़ी।** हांसाका स्थित श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंगलवार को होली का त्योहार मनाया गया। बच्चों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली मनाई। स्कूल संचालक सुरेश कुमार ने बच्चों को होली पर्व से अवगत कराया और जलरहित होली खेलने के लिए प्रेरित किया।



### राज स्कूल में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया रंगों का पर्व

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने छात्रों से लेकर शिक्षक और स्टाफ के सभी सदस्य गुलाल के रंगों में सराबोर नजर आए। छात्रों ने होली के पारंपरिक गीतों और भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्य कुलदीप कुमार ने कहा कि होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी मतभेदों को भुलाकर गले मिलने का त्योहार है। उन्होंने सभी बच्चों को सुरक्षित और इको-फ्रेंडली होली मनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन ने सभी शिक्षकों व छात्रों के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि होली का त्योहार हमारे जीवन में खुशियों के रंग भरता है। स्कूल का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ना भी है।

### सरकारी आईटीआई की लाइब्रेरी और वर्कशॉप का उपयोग कर सकेंगे नागरिक

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा के माध्यम से आम नागरिकों के लिए विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिससे आमजन सरकारी आईटीआई की लाइब्रेरी और वर्कशॉप की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आम नागरिक आईटीआई की वर्कशॉप में सभी इक्विपमेंट और टूल का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके साथ-साथ लाइब्रेरी का भी लाभ उठा सकते है। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार की स्किल डेवलपमेंट को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए यह पोर्टल एक ऐतिहासिक पहल का काम करेगा। नागरिक सरकारी आईटीआई की लाइब्रेरी और वर्कशॉप की सुविधा का लाभ लेने के लिए आईटीआईहरियाणा.जीओवी.इन पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## पंचायत समिति व ग्राम पंचायतों के उप चुनाव की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 27 को

- जिले के सभी खंडों की वार्डवार मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन, नागरिक 9 मार्च तक दावे या आपत्ति करा सकते दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अनुबंधों के अनुसार पंचायत समिति व ग्राम पंचायत के आगामी उप चुनाव के लिए जिले के सभी खंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों की वार्डवार मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार करने उपरांत प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन खंडवार नियुक्त किए जिला निर्वाचक अधिकारियों ने किया है, जिसमें खंड नाहड़ की ग्राम पंचायत भाकली-2, नेहरूगढ़ व कोहारड़, खंड रेवाड़ी की ग्राम पंचायत नयागांव, हांसाका, ढालियावास, खंड धारूहेड़ा की ग्राम पंचायत डवाना, खंड डहीना की ग्राम पंचायत डहीना, ढाणी जरावत, फतेहपुरी टप्पा डहीना व कहाड़ी, खंड खोल की ग्राम पंचायत हरजीपुर, खंड जाटूसाना की ग्राम पंचायत बेरली खुर्द, बेरली कलां, मालियाकी व नांगलिया रणमोख तथा खंड बावल की समस्त ग्राम पंचायतें शामिल है।

डीसी मीणा ने बताया कि उपचुनाव के लिए ड्राफ्ट मतदाता सूचियां निरीक्षण के लिए कार्यालय उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रेवाड़ी, संबंधित जिला निर्वाचक अधिकारी कार्यालय, संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय व संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। इसके अलावा जिला प्रशासन की वेबसाइट रेवाड़ी.जीओवी.इन पर भी ड्राफ्ट मतदाता सूचियां देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के संबंध में किसी भी प्रविशिष्ट को संशोधित करने के लिए 9 मार्च शाम 4 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में दावे-आपत्ति लिखित रूप में दर्ज करा सकते है, निश्चित तिथि व समय के पश्चात किए गए दावे व आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 मार्च तक दर्ज दावे-आपत्ति का निपटारा किया जाएगा। इसके उपरांत जिला उपायुक्त के समक्ष 16 मार्च तक अपील की जा सकती है। 19 मार्च तक उपायुक्त की ओर से अपीलों का निपटारा किया जाएगा तथा 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा।

## जाट धर्मशाला में हुआ पूर्व सैनिकों का मिलन एक-दूसरे के गले मिलकर ताजा की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जाट धर्मशाला में 20 जाट रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में जिले के पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में रेजिमेंट के रिटायर्ड कमांडिंग ऑफिसर एनएस गिल और मेजर मानसिंह पूनिया ने विशेष तौर पर हिस्सा लिया।

समारोह में जनरल गिल ने कहा कि सेवाकाल में देश की सीमाओं पर अपनी जान की बाजी लगाने वाला सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद भी देशसेवा के लिए तत्पर रहता है। जब भी देश की आन-बान-शान पर खतरा नजर आता है, पूर्व सैनिक उससे निपटने के लिए तत्पर रहते हैं। जाट रेजमेंट ने हमेशा दुश्मन के दांत खट्टे करने में अग्रणी और साहसिक भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर पूर्व सैनिकों ने जो मिलन कार्यक्रम रखा है, ऐसे कार्यक्रम नियमित अंतराल के दौरान होने चाहिएं। पूर्व सैनिक मिलकर न सिर्फ सेवानिवृत्ति के बाद के अनुभव सांझा करते हैं, बल्कि एक-दूसरे की समस्याएं भी सुनकर उनका हल निकालने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर कर्नल मोहित्रा, ब्रिगेडियर एवाई राजन, कर्नल बडोला, कर्नल कोहली, सूबेदार मेजर कृष्ण सिंह, सूबेदार मेजर जगबीर दहिया, कप्तान बलवान, सूबेदार सज्जन, सूबेदार धर्मवीर, सूबेदार चांदबीर व सूबेदार बिजेंद्र सहित बड़ी संख्या में रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## कचरा फैलाने व अवैध डंपिंग पर पूर्ण प्रतिबंध: उल्लंघन करने वालों से वसूला जाएगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले की सड़कों, नदियों, जलमार्गों, तालाबों, पंचायती भूमि व सरकारी जमीनों पर कचरा फेंकना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले नागरिकों व संस्थाओं पर अब भारी जुर्माना लगाया जाएगा। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नवीनतम आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले नागरिकों व संस्थाओं पर अब भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार कचरा उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति को सड़कों या खुले स्थानों पर कचरा फेंकनेए जलाने या दबाने की अनुमति नहीं है।

क्षेत्रीय अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कचरा फैलाने वाले सामान्य निवासियों पर पहली बार नियम तोड़ने पर पांच हजार रुपये और दूसरी बार उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार भारी मात्रा में कचरा पैदा करने वाली बड़ी संस्थाओं या समूहों के लिए यह जुर्माना पहली बार में 25 हजार रुपये तथा दूसरी बार में 50 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नियमों के तहत प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने घर या संस्थान के कचरे को गीले, सूखे और घरेलू खतरनाक कचरे के रूप में अलग अलग रखे और इसे केवल अधिकृत कचरा संग्रहकर्ताओं को ही सौंपे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारियों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने तथा उसे वसूलने के लिए अधिकृत किया गया है। यदि कोई दोषी नागरिक व संस्था जुर्माने की राशि जमा नहीं करती है, तो इसकी वसूली भूराजस्व के बकाया की तरह कानूनी तौर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि एकत्रित की गई जुर्माने की राशि का उपयोग संबंधित क्षेत्र में कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। क्षेत्रीय अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं भी कचरा न फेंकें, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।



नारनौल। सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री व पॉलीथिन की जांच करते अधिकारी।

### शहर में सात हजार रुपये के काटे पांच चालान

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने एसडीओ गौरव व जेईई योगेश कुमार के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर में सात हजार रुपये के पांच चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं।

## तलाश के लिए पहाड़ी व चारों ओर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, नहीं मिला तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- रविवार की शाम पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ, मंदिर की छत से लोगों ने बनाया वीडियो

शहरी क्षेत्र तक की जानवर तेंदुआ की एंट्री हो गई है। रविवार शाम यह जानवर ढाणी किरारोद की पहाड़ी पर दिखाई दिया। इस दृश्य को मोबाइल में कैद किया और सोशल मीडिया पर वारयल कर दिया। इसके बाद ढाणी किरारोद सहित आस पास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्रशासन का जब इस बात की भनक लगी तो उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित विभाग की टीम को तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए निर्देश है। इसके बाद सोमवार शाम को पहाड़ी और इर्द गिर्द टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान टीम को तेंदुआ नहीं मिला।

आपको बताते चले कि नारनौल के आसपास के कई गांवों में पहले भी तेंदुए की मूवमेंट देखी जा चुकी है। हाल ही में गांव दताल में भी दो बार तेंदुआ दिखाई दिया था, जिसके बाद वन्यजीव विभाग ने वहां पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने की कोशिश शुरू की हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम ढाणी किरारोद में पहाड़ी की तलहटी पर प्राचीन मंदिर है। इसी मंदिर की छत से बच्चों ने वीडियो बनाई, जिसमें पास के पहाड़ी की चोटी पर जानवर चहलकदमी करते दिखाई दे रहा है। बच्चों सहित ग्रामीण वहां से सुरक्षित जगह पहुंचे और इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ऐसे में लगातार तेंदुए के देखे जाने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़कर



नारनौल। वीडियो में कैद पहाड़ी की चोट पर दिखाई दे रहा तेंदुआ।

### डीसी ने जारी किया हाई अलर्ट

*जिले के गांव ढाणी किरारोद व आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने तुरंत प्रभाव से संबंधित सभी विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन को मिली जानकारी के अनुसार गांव ढाणी किरारोद के पास स्थित पार्क व उससे सटी पहाड़ियों पर शाम लगभग 6:30 बजे एक तेंदुए को दौड़ते हुए देखा गया। सार्वजनिक सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित इलाकों में गश्त बढ़ाई जाए और ग्रामीणों के बीच सुरक्षा का भरोसा कायम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वन विभाग व वन्यजीव विभाग की टीमों को भी तुरंत मोर्चे पर लगा दिया गया है। वन्यजीव निरीक्षक व डीएफओ को आदेश दिए गए हैं कि वे तेंदुए की लोकेशन को ट्रैक करें और उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए उचित रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करें।*

### बाबा गैबीराम का मेला व खेलकूद आज

**मंडी अटेली।** बाबा गैबीराम का मेला गुवानी में चार मार्च धुलंडी के दिन भरेगा। इस मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। इस मेले में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव एवंविशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं मेला कमेटी ने बताया कि मेले में कुश्तियां 51 रुपये से लेकर 71 हजार तक करवाई जाएंगी।



महेंद्रगढ़। जरुरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटते हुए।

### झुग्गी-झोपड़ियों में बांटी शिक्षण सामग्री

**महेंद्रगढ़।** होली के पावन पर्व पर शहर की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों और उनके बच्चों के बीच पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने न केवल होली की शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके भविष्य को संवारने का संकल्प भी जगाया। सामाजिक कार्यकर्ता विनय भारद्वाज और धर्मेन्द्र भारद्वाज ने बच्चों को पर्वों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज का युग कठिन प्रतियोगिता का है और इस दौड़ में आगे बढ़ने का एकमात्र सशक्त माध्यम 'शिक्षा' ही है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर तब मुस्कान खिल। जब उन्हें उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री बांटी गई। उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि गरीबी को केवल शिक्षा के हथियार से ही मात दी जा सकती है।

### विजय हॉस्पिटल के संचालक डा. विनीत यादव ने मीडिया के सामने रखा अपना पक्ष, बोले

# आयकर विभाग ने जो दस्तावेज मांगे वह दिखाए नहीं मिली विजय हॉस्पिटल में कोई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में बस स्टैंड के सामने विजय हॉस्पिटल में आयकर विभाग की रेड पड़ी थी। यह रेड लगातार चार दिन तक चली और आयकर विभाग गुरुग्राम से आई टीम ने हर दस्तावेजों की पूरी तरह से जांच पड़ताल की। जिस हिसाब से आयकर विभाग ने मीडिया को दिए बयान में हॉस्पिटल से जुड़े दस्तावेजों में कई खामियों का जिक्र किया था, उस तरह या किसी अन्य तरह की कोई खामियां नहीं मिली। आयकर विभाग टीम की ओर से मांगें गए हर दस्तावजों को प्रस्तुत किया। हिसार में खरीदे गए अस्पताल के दस्तावेज भी उन्हें दिखाएं। कोई खामियां किसी भी तरह की नहीं मिली। इसके बाद ही टीम संतुष्ट होकर वापस लौटी है।

यह दावा विजय हॉस्पिटल के संचालक डा. विनीत यादव ने मंगलवार मीडिया के सामने किया। उन्होंने बताया कि यह एक सामान्य प्रक्रिया थी। सरकार का अधिकार है कि वो अपने जो भी हॉस्पिटल से संबंधित या हमारी आय से संबंधित जो जानकारी चाहे, वो देख सकते हैं, वह उसके लिए आए थे। उन्होंने सारे दस्तावेज देखे। उन्होंने सारी जानकारी ली। हमने पूरी तरह से उनको संतुष्ट किया और पूरे कागजात देने के बाद में वो संतुष्ट होकर यहां से गए हैं। उन्हें हमारे पास से किसी भी प्रकार की कोई नकदी नहीं मिली। अस्पताल

### मरीजों के जो आंकड़े मांगे, दिया पूरा ब्योरा



डा. विनीत यादव ने बताया कि जहां तक मरीजों की बात है। सभी मरीजों का ब्योरा दिया गया। आंकड़े बताएं गए। हर तरह के दस्तावेज दिखाकर उन्हें संतुष्ट किया गया। किसी भी तरह की अनियमितताएं नहीं पाई गई। हालांकि वह जानते है कि कुछ अफवाह फैल रही है लेकिन वह सरासर गलत है। अगर टीम अधिकारियों को कोई अनियमितताएं मिलती तो वह उसे जरूर आगे फारवर्ड करते या आगे अन्य एजेंसियों को भेजते। लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला। उसके बाद टीम यहां से गई है। जो हमारे पास बैड उपलब्ध है, उन्हीं के डाटा आंकड़ों में है, वहीं दर्शाए गए थे। सालभर व महीना जैसा उन्हें आंकड़े मांगे, हमने सब रिकॉर्ड दिखाया। उन्होंने कहा कि हिसार हॉस्पिटल हमने लिया है। उसे पूरी कानूनी तरीके से लिया है। उस हॉस्पिटल से जुड़े सम्पूर्ण कागजात दिखाए गए। हमने उस हॉस्पिटल के लिए लोन भी लिया हुआ है, वह दस्तावेज भी दिखाएं। हमने एडवांस टैक्स भरा हुआ है, उसका ब्यौरा भी आंकड़ों सहित दिखाया। यह सभी आंकड़े मैच हुए है। उसके बाद ही अधिकारी संतुष्ट हुए और चार दिन बाद जांच पड़ताल के बाद टीम यहां से गई है।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में रही होली उत्सव की धूम

**धारूहेड़ा।** हरियाणा टूरिज्म की ओर से 4 मार्च तक आयोजित किए जा रहे प्रदेशव्यापी होली रंगोत्सव की श्रृंखला में धारूहेड़ा स्थित जंगल बब्लर टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में होली उत्सव की धूम रही। होली उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत तिलक लगाकर की गई। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल और फूलों की पंखुड़ियों से सराबोर कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। महिलाओं ने ढोलक की थाप और होली के पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया।

### पुलिस ने जुआ खेलते सात आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राम खिलाडी निवासी गांव मुबारिकपुर जिला झज्जर, सुधीर, सरजीत, समय सिंह, रंगराव, चरण सिंह व नरेश निवासी गांव गोकलगढ के रूप में हुई है। गत 2 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि गोकलगढ बाइपास कैंटीन गोदाम के पास किराये के कमरे में कुछ लोग पैसे दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे है।

## आंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी के बीच की सड़क का होगा निर्माण

# बावल चौक से आंबेडकर चौक तक सीसी रोड तैयार, चालकों को राहत





रेवाड़ी। सर्कुलर रोड पर बावल चौक से आंबेडकर चौक तक की तैयार सड़क तथा आंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी की सड़क पर लगा बेरिकेड। *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

शहर के सरकुलर रोड पर बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की एक तरफा लेन पर सीसी रोड बनाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से सड़क का कार्य 40 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। सरकुलर रोड पर बावल चौक से अंबेडकर चौक तक की सड़क का कार्य भी पूरा हो चुका है, जिस पर बस स्टैंड के सामने ट्रैफिक भी चालू कर दिया गया है।

बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की 1.27 किलोमीटर लंबी सड़क पर करीब 2.50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इस मार्ग की एक तरफा लेन का कार्य एक साल पहले ही पूरा किया जा चुका है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से जनवरी के अंत में सड़क का नवनिर्माण कार्य शुरू किया गया था। सबसे पहले पंजाबी धर्मशाला के मोड से धारूहेड़ा चुंगी तक के बचे हुए टुकड़े का निर्माण किया गया। इसके बाद बावल चौक से अंबेडकर चौक तक का सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। अब अंबेडकर चौक से लियो चौक तथा लियो चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक सीसी रोड बनाने का कार्य शुरू होगा।

### सड़क निर्माण के दौरान रूट चल रहा डायवर्ट

सीसी रोड के निर्माण के दौरान यातायात को सुचारू रखने के लिए टैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्ट किया गया है। नाईवाली चौक से आने वाले बड़े वाहनों को अग्रसेन चौक से पशु अस्पताल के सामने से अनाजमंडी रोड होते हुए महाराणा प्रताप चौक से डायवर्ट किया जा रहा है, जबकि बस स्टैंड से आने वाले वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था है। अग्रसेन चौक से बस स्टैंड की तरफ भी अभी वन-वे चल रहा है, सिर्फ बाइक व स्कूटी जा सकते है। अब अंबेडकर चौक तक के हिस्से का काम पूरा होने पर ये वन-वे हटा दिया जाएगा, जबकि धारूहेड़ा चुंगी से आने वाले ट्रैफिक को दिल्ली रोड से मिनी बाईपास से कोनसीवास रोड का रास्ता अपनाना होगा। ये वाहन मिनीबाईपास से गढ़ी बोलनी रोड व शिव चौक मॉडल टाउन होते हुए नाईवाली की तरफ जा सकेंगे।

- तेजी से हो रहा है सीसी रोड बनाने का कार्य
- सड़क का कार्य 40 प्रतिशत पूरा

### सफर सुगम होगा

बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक दूसरी लेन पर सीसी रोड बनाने के लिए कार्य तेजी से किया जा रहा है। आगामी एक महीने में कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। सीसी रोड बनने से लोगों को सफर सुगम होगा।
**-सत्येंद्र कुमार, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।**

## खबर संक्षेप

### दुकान से स्क्रैप चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने पाल्हावास में एक दुकान से स्टील का स्क्रैप चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में हांसावास निवासी महेश ने बताया कि उसकी पाल्हावास में दुकान है। वह स्टील पाइप का कारोबार करता है। उसने दुकान में स्टील पाइपों के टुकड़े रखे हैं। 2 मार्च को वह किसी काम से गांव खुड्डन गया था। वापस आने पर उसे लगभग 40 किलोग्राम स्क्रैप गायब मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि स्क्रैप की चोरी पाल्हावास निवासी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जमानत नहीं मिलने के कारण उसे जेल भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाली करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए मौहल्ला शास्त्री नगर निवासी गोविन्द उर्फ अण्डा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9310 रुपये बरामद किए है। आरोपी शास्त्री नगर में अपने मकान के सामने खोखा के पास खड़े होकर सट्टा खाईवाली का काम कर रहा था। कानोड गेट चौकी पुलिस ने कुलताजपुर रोड नारनौल हाल आबाद मोहल्ला अजय नगर निवासी चरण सिंह को रेलवे लाइन के पास से सट्टा खाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1650 रुपये बरामद किए है। इनके अलावा मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मोहल्ला बड़ा तालाब निवासी महेंद्र सिंह को सेक्टर-5 में सट्टा खाईवाली करते हुए काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1030 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पंचायत व शहरी निकाय 31 तक दे सकते हैं डिमांड

**रेवाड़ी।** खेल विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2025-26 के तहत पंचायतों-नगर निकायों में खिलाड़ियों की रुचि के अनुसार वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडों, क्रिकेट, योगा व वेटलिफ्टिंग खेलों का सामान दिया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ममता ने बताया कि योजना के तहत खेलों का सामान लेने के लिए इच्छुक, निर्धारित आवेदन पत्र में अपनी मांग सहित 31 मार्च तक जिला खेल कार्यालय राव तुलाराम स्टेडियम में जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत इन खेलों के लिए निर्धारित खेल मैदान, हॉल व सामान रखने के लिए स्टोर उपलब्ध होने चाहिए। इसके अलावा संबंधित ग्राम पंचायत-नगर निकाय आवेदन के साथ खेल मैदान,हॉल की जीपीएस लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी आवेदन के साथ लगाकर जमा कराएंगें। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिन ग्राम पंचायतों या नगर निकायों को पिछले 2 वर्ष में जो सामान दिया गया है, वह सामान पुनः नहीं दिया जाएगा।

## महावर सभा व लावण्या फाउंडेशन ने लगाया शिविर, 40 यूनिट रक्त एकत्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

महावर सभा व लावण्या फाउंडेशन की ओर से महावर पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ नवल किशोर गुप्ता ने किया। शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। राहुल, ऋतिक चौधरी, तनुज कुमार, तुलसी राम, अमित कुमार गुप्ता, संदीप ग्रोवर,विजय कुमार गुप्ता, एडवोकेट रविंद्र यादव, संदीप गुप्ता, राम सिंह, विनोद कुमार, राहुल, दीपक कुमार, आदित्य डाटा, झम्मन सिंह सैनी, डा. दीपक, विजेंद्र सिंह, नितिन, उत्तम सिंह, अरविंद, सुरेंद्र यादव, नमन, जीतू, नेमीचंद, डा. प्रदीप, रजनी गुप्ता, वृन्दा गुप्ता, मानस गुप्ता, अमोघ लोहिया, पवन गुप्ता, प्रशांत मेहंदीरत्ता, सीए सुबोध गुप्ता, एडवोकेट प्रतीक, सीए अमित गुप्ता, मनीष यादव, संगीता, मनीष गुप्ता, कपिल गुप्ता, तनुज डाटा व एडवोकेट राजीव गुप्ता ने रक्तदान किया। इस मौके पर महावर सभा के प्रधान एडवोकेट राजीव गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान का बहुत महत्व है। इसलिए सभी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। नवल किशोर गुप्ता ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। लावण्या फाउंडेशन की उपप्रधान संगीता व सचिव आदित्य डाटा ने रक्तदाताओं और महावर सभा के उपप्रधान नरेश गुप्ता ने सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर निरंजन लाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, तेजपाल गुप्ता,आनंद स्वरूप, जिला अध्यक्ष लघु उद्योग भारती संजय डाटा, प्रदीप गुप्ता, कश्यप गुप्ता, आनंद गुप्ता, रोहित सैनी, मंजु सैनी, मोहित, कर्मवीर, मनीषा व आरती उपस्थित थे।




रेवाड़ी। शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता व मौजूद अतिथि।





